CMYK

देशबन्धु
संस्कारधानी

5 बिलासपुर

बुधवार 18 अक्टूबर 2023

उल्टा पुल्टा

पत्नी : तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति : क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी : तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक परी है।
पति : ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा..!

# महिला सशक्तीकरण की दिखेगी झलक,पिंक बूथों में महिलाएं करेंगी मतदान

## भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आठ पिंक बूथों का गठन किया जाएगा

**बिलासपुर** , 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में इस बार महिला सशक्तीकरण की झलक दिखाई देगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नजर डालें तो प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आठ पिंक बूथों का गठन किया जाएगा। पिंक पोलिंग बूथों की विशेषता ये कि यहां चुनाव अधिकारी महिलाएं ही रहेंगी। पिंक पोलिंग बूथों में महिला अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में सूची बनाई जा रही है। चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। राजनीतिक दल के साथ ही प्रशासनिक अमला भी अब पूरी तरह चुनावी मोड में आ गया है। मतदान कराने के लिए अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के अलावा मतदान दलों में शामिल होने वालों की सूची भी बनाई जा रही है। 17 नवंबर को बिलासपुर संभाग के सभी 24 विधानसभा सीटों में वोट डाले जाएंगे। इस बार मतदान के दिन प्रत्येक विधानसभा के आठ मतदान केंद्रों में कुछ खास रहेगा। आठ केंद्रों में महिला मतदाता ही अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। जिन आठ केंद्रों को महिलाओं के लिए विशेषतौर पर पिंक बूथ बनाया जाएगा वहां मतदान अधिकारी भी महिलाएं ही रहेंगी। पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान दल में शामिल प्रत्येक सदस्य महिला ही होंगी। इन केंद्रों के लिए महिला अधिकारी व कर्मचारियों की विशेष व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा के खास व्यवस्था भी इन केंद्रों में रहेगी।




### जहां बड़े गांव वहां बनेगा पिंक बूथ

जिला निर्वाचन कार्यालय की योजना पर गौर करें तो जिले के बड़े ग्राम पंचायतों की सूची बनाई जा रही है। जहां मतदाताओं की संख्या अधिक है। खासकर बड़े ग्राम पंचायत के अलावा आसपास के गांव जहां महिला मतदाता अधिक है वहीं पिंक मतदान केंद्र का गठन किया जाएगा। इन केंद्रों में ज्यादा से ज्यादा महिला मतदाता पहुंचे और मताधिकार का प्रयोग यह रणनीति बनाई गई है।

### मतदान के तीन दिन पहले बनाएंगे माहौल

मतदान के तीन दिन पहले स्थानीय प्रशासन की मदद से गांव में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर माहौल बनाया जाएगा। खासकर पिंक मतदान केंद्रों में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी तय करने घर-घर संपर्क करेंगे। मतदान दलों द्वारा मतदाताओं को पर्ची बांटने के दौरान भी मतदाताओं से मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डालने की अपील करेंगे। इसके अलावा घर की महिला मतदाताओं से विशेषतौर पर मतदान केंद्र पहुंचकर पहले वोट डालने और उसके बाद घर के कामकाज में व्यस्त रहने अनुरोध करेंगे।

### प्रभावी भूमिका में रहेंगी आधी आबादी

जिले में आधी आबादी की धमक अभी से ही दिखाई देने लगी है। जिला निर्वाचन कार्यालय के आंकड़ों पर नजर डालें तो बिलासपुर जिले के अंतर्ग आने वाले छह विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या सात लाख दो हजार 961 है। पुरुष मतदाताओं की संख्या सात लाख 10 हजार 777 है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले महिला व पुरुष मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। वृद्धि के मामले में महिलाएं आगे है। जिले में महिला मतदाताओं की संख्या में 26 हजार 797 व पुरुष मतदाताओं की संख्या में 23 हजार 520 की वृद्धि हुई है।

### विधानसभावार महिला मतदाताओं की संख्या

कोटा 82658,तखतपुर 120039,बिल्हा 100421,बिलासपुर 126558,बेलतरा 122625, मस्तूरी 150660

## सार-संक्षेप

### डा. बद्री जायसवाल किसान कांग्रेस के प्रभारी नियुक्त



**बिलासपुर** , 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी जिलों में प्रभारी नियुक्त किए हैं। बिलासपुर जिले से डॉक्टर बद्री जायसवाल को बिलासपुर जिले का किसान कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष के अनुमोदन पर महामंत्री जागेंद्र पांडे ने की है। डॉ बद्री जायसवाल ने किसान कांग्रेस के प्रभारी बनने के बाद इस जिम्मेदारी को लेकर राहुल गांधी सोनिया गांधी के प्रति आभार जताया है। तथा कहां है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे प्रदेश अध्यक्ष दीपक भाई तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ किसानों किसानों को मिल रही राज्य शासन की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएंगे तथा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में किसान कांग्रेस अपनी पार्टी के उम्मीदवार को जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश किसान कांग्रेस की रीति नीति से आम जनता को अवगत कराएंगे तथा किसानों के हित में राज्य शासन की योजनाओं को लेकर कांग्रेस के पक्ष में चुनाव प्रचार में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। और गांव-गांव में किसान खुश हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने 5 साल के कार्यकाल में किसानों के हित में तथा गांव गरीबों के लिए योजना बनाई। लोगों को मकान के लिए राशि दी तथा भूमिहीन परिवारों को भी रोजगार देने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। पूरे प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है। प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी।

### शांता फाउंडेशन ने स्कूल में बांटे सेनेटरी पैड



**बिलासपुर** , 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। शांता फाउंडेशन द्वारा नवरात्रि के 9 दिन विशेष सामाजिक कार्यक्रम करने का उद्देश्य बनाया गया है। जिसमें नवरात्रि के तृतीय दिवस न्यायधानी बिलासपुर के समीप मेडिकल ऑफिसर (आयुर्वेदिक) डॉ सुष्मिता गुम्बर की उपस्थिति में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल टिकारी (मस्तूरी) में 200 से अधिक छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरण किया गया। साथ ही साथ शांता फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष सुश्री रूपाली पाण्डेय के द्वारा छात्राओं को गुड टच बेड टच के साथ-साथ महिलाओं के अधिकारों,उनके समाज मे कर्तव्यों, शक्ति एवं विभन्न प्रकार के महिलाओं से सम्बंधित योग के बारे में बताया गया। शांता फाउंडेशन के संस्थापक समाज सेवी नीरज गेमनानी ने बताया कि संस्था चाहे शिक्षा,स्वास्थ्य, समाज, गौ सेवा के क्षेत्र में हो या फिर सरकार के विभिन्न योजनाओं के क्षेत्र में और पर्यावरण के क्षेत्र मे हर समय तैयार रहती है। श्रीमती सृस्टि सिंह ने संस्था का परिचय तथा संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया। सेनेटरी पैड का सहयोग प्रियंका महेता जी के द्वारा सहयोग प्राप्त इस दौरान डी निहारिका रॉव,शोभा खांडे, जसमीत टुटेजा,शुभम पाण्डेय उपस्थित रहे।

### तलवार लहराते युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर** , 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना चकरभाठा को सूचना मिला कि एक व्यक्ति चकरभाठा तिराहा बिल्हा जाने वाले रास्ते मे तलवार लेकर हवा मे लहरा रहा है। जिससे आम व्यक्ति भयभीत हो रहे है थाना प्रभारी अभय सिंह बैस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम बनाकर चकरभाठा तिराहा पहुचकर घेराबंदी किया तथा आरोपी अपने हाथ मे एक तलवार को हवा मे लहरा रहा था जिससे आम लोग भयभीत थे चकरभाठा पुलिस द्वारा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से एक नग तलवार बरामद किया गया तथा आरोपी से पुछताछ करने पर अपना नाम मनोज यादव बताया आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट कायम कर न्यायालय पेश किया गया।

# क्या होता है व्हीव्हीपेट मशीन का फूल फार्म

### कलेक्टर ने प्रशिक्षण में पूछे कई रोचक सवाल

**बिलासपुर** , 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने मतदान दलों के प्रशिक्षण के दूसरे दिन आज बिल्हा विकासखण्ड के बोदरी में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दल के अधिकारियों को इव्हीएम मशीन के उपयोग के व्यावहारिक प्रशिक्षण पर ज्यादा जोर दिया। उन्होंने मतदान दलों से कहा कि इव्हीएम मशीन के उपयोग को लेकर इतना सिद्धहस्त हो जाएं कि वास्तविक मतदान के दौरान कोई दिक्कत न आए। कलेक्टर ने प्रशिक्षार्थियों को व्हीव्हीपैट मशीन का फुल फार्म बताने को कहा। अधिकतर लोगों को सही जवाब बताने में दिक्कत हुई। तब एसडीएम हरिओम द्विवेदी ने सही जवाब बताकर जिज्ञासा शांत की। उन्होंने बताया कि इसका फुल फार्म वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल होता है। कलेक्टर ने इव्हीएम मशीन एवं चुनाव प्रकिया से जुड़े कई रोचक सवाल किए और उनकी शंकाओं का समाधान किया। नगर निगम आयुक्त एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत के सीईओ अजय अग्रवाल भी इस दौरान उपस्थित थे।



कलेक्टर ने प्रशिक्षण में करीब आधे घण्टे तक स्कूल शिक्षक की तरह मतदान दल के अधिकारियों की क्लास ली। मतदान दल के अधिकारियों को उनके दायित्व का बोध कराया। बताया गया कि पोलिंग अधिकारी एक, दो एवं तीन के क्या कर्तव्य होते हैं। इव्हीएम मशीन के बैलट यूनिट, कण्ट्रोल यूनिट एवं व्हीव्हीपेट मशीनों को आपस में जोड़ने के क्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीठासीन अधिकारी को अपनी पहली रिपोर्टिंग अपने सेक्टर अफसर को करनी होती है। मतदान के शांतिपूर्ण संचालन के लिए मतदान के दिन उन्हें मजिस्ट्रेट का अधिकार दिया जाता है। हर दो घण्टें में मतदान की रिपोर्टिंग करनी होगी। पिछले चुनाव से इस बार हुए बदलाव की जानकारी भी प्रशिक्षण में दी गई। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान यदि इव्हीएम की बैटरी खराब हो जाये तो सेक्टर अधिकारी के पास उपलब्ध रिजर्व बैटरी लगाकर मशीन को पुन: चालू किया जा सकता है। इसके पहले बैटरी खराब होने पर मशीन का उपयोग बंद कर दूसरे मशीन से आगे का मतदान कराना होता था। उन्होंने चुनाव आयोग की पीठासीन अधिकारी की पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ने की समझाइश दी।

# साइकिल से महामाया के दर्शन करने पहुंचे गौरव

**बिलासपुर**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन के गौरव शुक्ला के द्वारा संकल्प किया गया था की रतनपुर की यात्रा साइकिल के द्वारा करेंगे और इसी कड़ी में उन्होंने नवरात्रि पर्व पर जाने का निर्णय लिया और सभी की मनोकामना पूर्ण हो इसके लिए माता रानी से हाथ जोड़कर विनती की और उनसे बात करने पर उन्होंने कहा की सेहत के लिए भी साइकिल चलाना चाहिए। आजकल लोग गाड़ी मोटर कार में इतनी आदि हो गए हैं कि हमारी पुरानी संस्कृति जो वर्षों से चली आ रही है पैदल चलना साइकिल से चलना यह बहुत कम देखने को मिल रहा है। इसके कारण अनेकों बीमारियां भी उत्पन्न हो रही है एक अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी साइकिल चलाना चाहिए और आज उनका यह बहुत बड़ा संदेश है की साइकिल से आप हर जगह की यात्रा कर सकते हैं बस शर्तें हैं कि आपको खुद से आगे बढ़ना होगा और इसी कड़ी में वह आज रतनपुर की साइकल यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न किये और उनक श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन भी दिसंबर में 2 साल पूर्ण होने जा रहा है आगे डोंगरगढ़ की यात्रा का भी उनका प्लान है और आगे 100 से 1000 किलोमीटर की यात्रा भी करेंगे कुलआना जाना करके 55 किलोमीटर की यात्रा की है।



### घर में शराब बेचते युवक पकड़ाया

**बिलासपुर** , 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना चकरभाठा को मुखबिर से सूचना मिला कि संजय यादव नाम का व्यक्ति अपने घर के बाडी मे भारी मात्रा मे कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है कि सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अभय सिंह बैस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम बनाकर जोगीपुर रहंगी पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया घर मे एक व्यक्ति मिला जिसके घर के बाडी मे सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर 38 लीटर कच्ची महुआ शराब कीतमी 7200 रुपये को बरामद किया।

## संपादकीय

### हाथियों के रास्तों में न आएं

*छत्तीसगढ़ के वनों में हाथी पाये जाते हैं। यह उनका प्राकृतिक आवास तो है ही, सीमावर्ती राज्य ओडिशा और झारखंड के जंगलों से भी बड़ी संख्या में वनराज यहां से गुजरते हैं। यानी कि राज्य उनके रास्ते का एक हिस्सा है। ऐसा वे सैकड़ों वर्षों से करते आ रहे हैं। कई बार वे मानव बस्तियों के बहुत नज़दीक आ जाते हैं। हालांकि ऐसा करने की उनकी कोई मंशा नहीं होती क्योंकि वे स्वयं इंसानों से दूर रहना चाहते हैं। फिर भी, भोजन-पानी की आवश्कताएं उन्हें बस्तियों के निकट ले आती हैं। ज्यादातर वनों के बीच बसे गांव या ग्राम इनकी चहलकदमी की राह में आते हैं। बेहतर है कि स्वयं इंसान उनके रास्तों में न आएं।*

*इन दिनों ज्यादातर इलाकों में धान पकने की स्थिति में है। उसकी सुगंध हाथियों को आकर्षित करती है जो अब तक बारिशों में घने जंगलों में ही रहकर गुजारा कर रहे थे। बारिशें रूक जाने पर उनकी आवाजाही बढ़ जाती है। फिर, उन्हें पीने के लिये पानी अब तक तो जंगलों के भीतर ही मिल जाता है, पर अब उसकी तलाश में वे बाहर निकल पड़ते हैं। गांवों में या उनके आस-पास बने तालाबों में उन्हें जल उपलब्ध होता है इसलिये भी वे वहां तक पहुंचते हैं। छग के बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं जहां इन दिनों हाथियों की आमदरफ्त बढ़ चली है। कटघोरा वन मंडल में इस समय हाथियों के एक बड़े झुंड के विचरण की खबर आ रही है। केंदई रेंज में 54, पसान में 3 और जटगा रेंज में 6 हाथियों की उपस्थिति की बात वन विभाग ने की है। इस दल में एक हथिनी द्वारा शावक को जन्म दिये जाने की बात भी कही जा रही है। इन्होंने लगभग 5 एकड़ पर लगी फसलों को रौंद दिया है। इनमें से 9 मरवाही रेंज से आए हुए बतलाए जाते हैं, जो कि पसान से लगा हुआ है। गरियाबन्द के पास स्थित पाण्डुका रेंज में एक गुस्सैल हाथी के लौटने से दहशत है जो यहां पहले भी कई गांवों में उपद्रव कर चुका है। कुछ और हाथी भी यहां देखे गये हैं। पलारी के अर्जुनी वन परिक्षेत्र के दलदली महकोनी में पिछले दिनों एक हाथी ने एक व्यक्ति को मार डाला था जो अपने दो अन्य साथियों के साथ जंगल में जड़ी-बूटी ढूंढ़ने गया था। मृतक के दो साथी भागकर जान बचाने में कामयाब रहे थे।*

*हाथी पूर्णतः शाकाहारी जीव है जिसका इरादा व प्रयोजन किसी को मारना नहीं रहता। वह केवल आत्म रक्षा में या अन्य जीवों की उपस्थिति से बौखलाकर ही हमला करता है। फिर भी सावधानी की ज़रूरत है। वन विभाग गांव वालों को हमेशा सावधान रखे एवं उन्हें बचाने के सारे प्रयास करे। लोग भी पर्याप्त सावधानी बरतें।*

# गांधी चौक में गांजा बेचते युवक-युवती गिरफ्तार



**बिलासपुर** , 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में निजात अभियान चलाया जा रहा है जिसके तारतम्य में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा अवैध नशीले मादक पदार्थो एवं शराब पर अंकुश लगाने हेतु शक्ति से कार्यवाही करने तथा आदर्श आचार संहिता लागू होने पर क्षेत्र में अवैधानिक गतिविधियो पर निगाह रखने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, राजेन्द्र जायसवाल तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित कर थाना क्षेत्र में निगाह रखी जा रही थी।

मुखबिर सूचना मिली कि एक महिला एवं पुरूष गांधी चौक के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री हेतु ग्राहक तलाश कर रहे है मुखबिर सूचना के निशान देही पर अमर काम्पलेक्स के सामने मेन रोड गांधी चौक के पास आरोपी श्रीमती पूजा चौहान पति कबीर चौहान उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नं. 03 राजापारा बुधवारी बाजार के पास थाना सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) अनुराग उर्फ अन्नू उर्फ पीयूष वर्मा पिता सुरेश वर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड नं. 02 कसेरपारा स्कूल के पास थाना सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) को घेरा बंदी कर पकडा गया। आरोपियो के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 5 किलो 100 ग्राम गांजा कीमती 51000 रूपये एवं एक बुलेट वाहन क्र. सीजी 10 बी.जी. 3890 जप्त किया जाकर आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार का न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# रेलवे स्टेशन के भीतरी व बाहरी क्षेत्र में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए- आईजी

## लावारिस वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई, प्रीपेड बूथ स्थापित कर रेलवे स्टेशन की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के दिए निर्देश

### विधानसभा चुनाव को देखते हुये आईजी ने आरपीएफ, जीआरपी व पुलिस बल को संयुक्त चेकिंग अभियान चलाने दिए निर्देश

**बिलासपुर** , 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज अजय कुमार यादव (भापुसे), पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर रेंज द्वारा बिलासपुर रेंज अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था और अपराधियों की धरपकड़ एवं कार्यवाही हेतु रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेल पुलिस एवं रेंज के रेलवे लाईन से जुड़े जिले बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं सक्ती के अधिकारियों की त्रैमासिक समन्वय बैठक ली गई।

सर्वप्रथम बैठक में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (रेलवे सुरक्षा बल), पुलिस अधीक्षक(रेल) तथा रेंज के जिलों द्वारा प्रस्तुत जानकारी की समीक्षा की गई तथा जिला बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, सक्ती एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था एवं घटित अपराधों की रोकथाम के संबंध में विभिन्न निर्देश दिये गये। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा बैठक में रेलवे स्टेशन में यात्रियों की बढ़ती संख्या तथा आवागमन को देखते हुए नये जीआरपी थाना/चौकी खोले जाने संबंधी समुचित प्रस्ताव तैयार कर पुलिस मुख्यालय को प्रेषित करने संबंधी निर्देश दिये गये।



एफआरएस तकनीक के हाईटेक सीसीटीवी कैमरे सभी बड़े स्टेशनों के साथ-साथ छोटे स्टेशनों के प्रमुख स्थानों पर स्थापित करने तथा इस कार्यवाही में जिला पुलिस बल से समन्वय बनाकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु बैठक में उपस्थित वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल को निर्देशित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रेलवे स्टेशनों के वाहन पार्किंग में वर्षों से पड़े लावारिश वाहनों के नियमानुसार निराकरण के लिए स्थानीय पुलिस से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिये गये। जिला मुख्यालय बिलासपुर रेलवे स्टेशन में लावारिश खड़े कुल 114 लावारिस वाहनों की विधिवत नीलामी की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने संबधी जानकारी पुलिस अधीक्षक, जिला बिलासपुर द्वारा दी गई, जिसे शीघ्र पूर्ण कराने तथा रेलवे सुरक्षा बल के साथ समय-समय पर समन्वित कार्यवाही करते हुए चोरी की प्रापर्टी की जॉच के दौरान रेलवे स्टेशनों में खड़े वाहनों की जॉच रेण्डमली कर लिये जाने संबंधी निर्देश दिये गये। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा आसन्न विधानसभा निर्वाचन-2023 को ध्यान में रखते रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेल पुलिस एवं जिला पुलिस बल को संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर रेलवे के माध्यम से होने वाले मादक पदार्थों की तस्करी इत्यादि के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। वर्तमान में चल रहे त्यौहारी मौसम को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल एवं शासकीय रेल पुलिस को जिला पुलिस बल से समन्वय स्थापित कर रेलवे परिक्षेत्रों में अवांछित गतिविधियों को रोकने के लिए बी.डी.एस. टीम के माध्यम से भी चेकिंग कराने एवं रेलवे क्षेत्र में घटित अपराध और अपराधियों की जानकारियां नियमित आपस में साझा करने के निर्देश दिये गये साथ ही समय-समय पर जिला पुलिस बल के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मॉक-ड्रिक भी आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में सदानंद कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायगढ़, दिनेश सिंह तोमर, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (रेलवे सुरक्षा बल) द.पू.म.रेलवे बिलासपुर, संतोष सिंह, पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर, विजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक जिला जांजगीर-चांपा, जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक जिला कोरबा, योगेश कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक जिला गौ.पे.म., श्रीमती गायत्री सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला सक्ती, श्रीमती अनामिका जैन, उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय रायगढ़ एवं श्रीमती सुशीला टेकाम, उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, बिलासपुर उपस्थित रहे।

CMYK

# सार-संक्षेप

## चुनाव प्रक्रिया में पीठासीन अधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण

**सूरजपुर** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल पोलिंग पर्सन ट्रेनिंग के द्वितीय दिवस शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर और शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक के प्रशिक्षण स्थल में निर्वाचन के लिए दिये जा रहे प्रशिक्षण की वस्तु स्थिति का सघन निरीक्षण किया। चुनाव प्रक्रिया हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के संबंध में विशेष निर्देश दिए। उन्होंने निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान हेतु मतदान दलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सभी निर्वाचन आयोग के एक अंग हैं। मतदान प्रक्रिया में सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है। अपना आचरण एवं व्यवहार सही रखते हुए मतदाताओं के समक्ष निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी ई.व्ही.एम. मशीन का संचालन स्वयं करके देखें। उन्होंने मतदान तिथि के पूर्व तथा मतदान के दिन समस्त आवश्यक व्यवस्थाए अवश्य सुनिश्चित कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने ई.व्ही.एम. द्वारा मतदान की कार्यप्रणाली, मतदान दलों को ई.व्ही.एम. को मतदान के लिए तैयार करने, ई.व्ही.एम. में ऐरर का निराकरण, ई.व्ही.एम. के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट की कार्यप्रणाली, मतदान के दौरान सावधानी, एवं आवश्यक कार्यवाही एवं प्रक्रिया, बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट की सीलिंग की प्रक्रिया तथा मतदान संपन्न होने के बाद सामग्री जमा करने की निर्धारित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी मतदान दलों को प्रदान करने के लिए प्रशिक्षकों को निर्देशित किया इस दौरान प्रशिक्षण नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने आदतन अपराधी को किया एक साल के लिए जिला बदर

अंबिकापुर 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने प्रशासन द्वारा आदर्श आचार संहिता के पालन और सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने विशेष निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट श्री कुन्दन कुमार द्वारा आदतन अपराधी प्रेम मराठा उर्फ़ प्रेम गढ़वा पिता अशोक मराठा निवासी बाबूपारा, थाना मणिपुर, तहसील अंबिकापुर को एक साल की अवधि के लिए जिले और उसके सीमावर्ती जिलों की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त व्यक्ति सरगुजा जिला तथा उससे लगे सीमावर्ती जिले जशपुर, रायगढ़, कोरबा, बलरामपुर तथा सूरजपुर की सीमा से एक वर्ष की कालावधि के लिए बाहर रहेगा।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, सरगुजा से प्राप्त पत्र के आधार पर प्रेम मराठा के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, (अत्र पश्चात् अधिनियम) 1990 की धारा-5 (क) (ख) के प्रावधानों के तहत प्रकरण प्रारम्भ किया गया जिसके अनुसार अलग-अलग प्रार्थियों द्वारा उक्त व्यक्ति के खिलाफ गंभीर शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी है। प्रेम मराठा के विरुद्ध जिले के विभिन्न थाना और चौकी में 11 प्रकरण दर्ज हैं जिनमें लड़ाई झगड़ा, मारपीट, बलवा, लूटपाट, शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य गंभीर अपराध पंजीबद्ध किये जा चुके हैं।

वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अपराधी प्रेम मराठा के क्रियाकलाप एवं आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण रखने के लिए तथा जनसाधारण में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से उक्त के विरुद्ध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। यह आदेश दिनांक 16 अक्टूबर 2023 से एक वर्ष के लिए प्रभावशील रहेगा।

## जनपद पंचायत घरघोड़ा में अध्यक्ष- उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**रायगढ़** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीते कुछ दिनों से जनपद पंचायत घरघोड़ा की राजनीति में उठा पटक देखने को मिल रही है। इसी बीच कल अविश्वास प्रस्ताव से जुड़े एक मामले में माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ का एक बड़ा आदेश आया है।

03 अक्टूबर को जनपद पंचायत घरघोड़ा के 11 सदस्यों द्वारा अध्यक्ष एवम उपाध्यक्ष के विरुद्ध विभिन्न अनियमितताओं एवम आधारों का उल्लेख करते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाने हेतु कलेक्टर रायगढ़ के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर रायगढ़ ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत घरघोड़ा को हस्ताक्षर सत्यापन एवम प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाने हेतु 18 अक्टूबर की तिथि निर्धारित कर समस्त निर्वाचित सदस्यों को नोटिस जारी किया गया। जिस नोटिस के विरुद्ध जनपद पंचायत घरघोड़ा अध्यक्ष श्रीमती सहोदरा राठिया एवम उपाध्यक्ष श्रीमति ममता अशोक पंडा द्वारा अपने अधिवक्ता आशुतोष मिश्रा के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका प्रस्तुत कर चुनौती दी गई।

याचिका के सुनवाई के दौरान अधिवक्ता आशुतोष मिश्रा ने कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस एवम जनपद सदस्यों के कृत्य को विधिक प्रावधानों का घोर उल्लंघन एवम विपरीत बताते हुए अपने तर्क प्रस्तुत किए। याचिकाकर्ता की ओर से प्रस्तुत याचिका एवम तर्कों के आधारों पर विचार करते हुए माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ की एकलपीठ माननीय न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू द्वारा कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस 09 अक्टूबर के क्रियान्वन पर होने वाले अविश्वास प्रस्ताव के सम्मेलन पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही समस्त पक्षकारों को नोटिस जारी कर शासन को जवाब प्रस्तुत करने हेतु समय दिया है।

## माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण 22 को

**अंबिकापुर** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 में माइक्रो आब्जर्वर के कार्यों के संपादन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 22 अक्टूबर को प्रशिक्षण दी जाएगी। उक्त प्रशिक्षण 22 अक्टूबर को प्रातः 10:00 बजे से पीजी कॉलेज के सामने राजमोहिनी भवन में दी जाएगी। प्रशिक्षण में बैंक शाखाओं के कुल 304 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे। सभी प्रशिक्षणार्थियों को समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## लंबे समय से फरार 6 स्थायी वारंटी समेत 17 वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

**रायगढ़** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर फरार वारंटियों के धरपकड़ के अभियान में कल विभिन्न थानों में 06 स्थायी वारंटी और 11 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कोर्ट पेश किया गया है।

फरार वारंटो पर कार्यवाही के क्रम में थाना खरसिया से 03, छाल से 02 और लैलूंगा से 01 स्थायी वारंटी वहीं थाना कोतवाली और चैकी खरसिया ने 04-04 गिरफ्तारी वारंटी तथा भूदेवपुर, कोतरारोड़ और थाना चक्रधरनगर की ने 01-01 फरार गिरफ्तारर वारंट के वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा वारंटियों के जेल वारंट जारी करने पर वारंटियों को जेल दाखिल किया गया है। इन वारंटियों के विरूद्ध माननीय न्यायालय की ओर से वारंट निर्गत किया गया था। वारंट निर्गत होने के बाद से अभियुक्त फरार चल रहे थे, पुलिस ने मुखबीर लगाकर इन्हें पकड़ा और कोट पेश कर जेल भेजा गया है।

# विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था को लेकर कलेक्टर- एसपी ने ली बैठक




**कोरिया** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह व पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डीएसपी, थाना प्रभारी, रेलवे, केंद्रीय पुलिस बल, दूरसंचार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कानून व्यवस्था व केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की स्थापना, उनके रुकने-ठहरने की जगह, शौचालय, पानी, भोजन मतदान व मतगणना स्थल पर आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के बारे में समुचित जानकारी ली। श्री लंगेह ने बताया कि बैठक में विधानसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा बलों की तैनाती के संबंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए निर्देशों के बारे में संबंधित अधिकारियों से साझा की गई।

कलेक्टर श्री लंगेह व पुलिस अधीक्षक श्री बंसल ने विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिये विभिन्न विभागों की सहायता एवं समन्वय पर व सभी विभागों से संबंधित सेवायें दूरस्थ अंचल में सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए।

बैठक में विभागों को दी गई जिम्मेदारी के तहत खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति द्वारा केंद्रीय बल के लिये राशन सामग्री, पेट्रोल/डीजल का इंतजाम किया जाएगा। पुलिस बल एवं चुनाव ड्यूटी हेतु आवश्यक पी0ओ0एल0 स्टाक रखने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी स्थानों में विशेषत दूरस्थ अंचलों में डॉक्टर एवं अन्य आवश्यक दवाई, स्नेक बाइट किट, मलेरिया आदि की पर्याप्त दवाई उपलब्ध रखने के निर्देश दिए साथ ही आपातकालीन चिकित्सा सुविधा एवं पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों की उपलब्धता हेतु आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए।

पुलिस व स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लीडिंग रोकने के लिये ब्लड क्लाथ भी उपलब्ध सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक तथा बाहर से आने वाले बल का कैशलेस ट्रीटमेंट एवं आवश्यकता पड़ने पर वृहद स्तर पर निःशुल्क इलाज की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई। कलेक्टर श्री लंगेह ने लोक निर्माण विभाग को चिन्हित स्थानों पर हेलीपेड का निर्माण करने, बाहर से आने वाले बलों की सुरक्षा हेतु आवश्यक संख्या/मात्रा में सैंड बैग, कंसर्टिना वायर, सीजीआई शीट, बल्ली बारबेड वायर, पिकेट आदि की व्यवस्था तथा जेसीबी वेल्डिंग मशीन, 3डी मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वन विभाग को पुलिस बल के अस्थाई कैंप/मतदान केन्द्रों में सुरक्षा हेतु आवश्यक बांस-बल्ली उपलब्ध कराने को कहा। पुलिस बल के ठहरने वाले स्थान/रेलवे साइडिंग पर पीने के पानी/शौचालय की सुविधा व अग्निशमन यंत्र नगरीय निकाय द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पुलिस बल के ठहरने वाले स्थान पर पीने के पानी की सुविधा हेतु आवश्यकतानुसार हैंडपंप खनन, जल आपूर्ति एवं स्टोरेज हेतु पानी के टैंक आदि की व्यवस्था, ऊर्जा विभाग द्वारा निर्बाध बिजली आपूर्ति, सोलर लाइट, जनरेटर, परिवहन/पुलिस विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार केन्द्रीय अर्धसैनिक बल हेतु बस, ट्रक एवं अन्य वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। दूरसंचार विभाग द्वारा पुलिस बल हेतु आवश्यक सिम भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा कार्ड उपलब्ध कराया जायेंगी रेल्वे द्वारा पुलिस बल की विशेष ट्रेन हेतु आवश्यक साईडिंग सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। चुनाव कार्य में बड़ी संख्या होमगार्ड, फारेस्ट गार्ड एवं कोटवारों को संलग्न करने के भी निर्देश दिए हैं।

# शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए जरूरी है मजबूत सूचना तंत्र

### मतदान अवश्य करने की ली गई शपथ ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों को करें अलर्ट - कलेक्टर



**अम्बिकापुर** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार द्वारा लगातार बैठक एवं दौरा कर अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन निर्वाचन कार्यों की तैयारियों की समीक्षा करने जिला लुण्ड्रा और लखनपुर जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पहुंचे।

समीक्षा बैठक में शामिल होकर श्री कुन्दन ने अधिकारियों-कर्मचारियों से चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मतदान अवश्य करने की शपथ भी ली गई। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करना, हम सभी की जिम्मेदारी है। आगामी त्योहारों में धार्मिक आयोजनों में किसी भी तरह की राजनैतिक गतिविधियां ना हो, पूजा पंडालों में राजनीतिक व्यक्तियों के बैनर, पोस्टर ना हो, इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का ज्यादातर उल्लंघन ग्रामीण क्षेत्रों में देखने मिलता है, इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका कोटवारों की है, किसी भी प्रकार की गतिविधियों की सूचना मिलने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित करें। उन्होंने सूचना तंत्र को मजबूत और विकसित करने के निर्देश दिए और कहा कि पुलिस विभाग के साथ वन विभाग सतर्कता के साथ कार्य करें। सघन निगरानी हेतु वीवीटी, वीएसटी और एफएसटी टीम भी गठित की गई है। सभी अपने कर्तव्य का पालन करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही करने वाले पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने सभी सेक्टर ऑफिसर्स को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों के पोलिंग स्टेशन में जाकर तैयारियों का सघन निरीक्षण करें। मतदान केंद्र में पानी, विद्युत, शौचालय और रैम्प की अच्छी व्यवस्था हो, पोलिंग स्टेशन के नाम की जांच करें, मतदाता सूची के प्रकाशन के अनुसार भवन में नाम लिखा हो, यह सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र भवन की स्थिति अच्छी हो, सभी कमरों की जांच करें। चेकलिस्ट अनुसार जांच कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करें, प्रगतिशील कार्य जल्द पूर्ण करें। पानी, बिजली की शत प्रतिशत व्यवस्था हो।

गौरतलब है कि श्री कुन्दन द्वारा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफिसर को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन कार्य की समीक्षा हेतु सेक्टर अधिकारियों, सहित तहसीलदार, सीईओ जनपद एवं थाना प्रभारियों की बैठक आयोजित किए जाने निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर श्री टेकचंद अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम सीतापुर श्री रवि राही ने बैठक आयोजित कर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान सम्बन्धित क्षेत्र के जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सम्पूर्ण राजस्व अमला, पुलिस प्रशासन, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी, सेक्टर ऑफिसर्स तथा सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर नागरिक निश्चिंत होकर करें मताधिकार का प्रयोग - गोयल



■ नवपदस्थ जिलाधीश ने चुनाव को लेकर मीडिया से की चर्चा

**रायगढ़** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। नये अपना पद्भार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए नवपदस्थ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने कहा कि मेरा सभी जिलेवासियों से अनुरोध है कि आने विधानसभा चुनाव बढ़ चढ़कर आगे आकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। अगर किसी भी प्रकार की बाधा या परेशानी है तो टोल फ्री नंबर का उपयोग करें। ब्लाक लेबर आफिसर से संपर्क करें।

इस बार भारत निर्वाचन आयोग ने कुछ नई प्रणाली चालू की है। जो बुजुर्गो व दिव्यांगों के लिये वोटिंग की घर पहुंच सेवा है, मेरा उनसे भी अनुरोध है वे इसका उपयोग करें। शिकायत निवारण प्रणाली में निर्वाचन आयोग ने सी विजन नाम का एक ऐप बनाया है। आप सभी इस ऐप को डाउनलोड करे लें और आप किसी प्रकार की इसमें शिकायत करते हैं तो सौ मिनट के अंदर उसके निराकरण करने की बाधता रहती है। एक टोल फ्री नंबर भी 1950 जिसमें आप कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। ये दोनों प्रणाली जिला स्तर और अब्जर्वर साहब सब के निगरानी में रहती है। अगर आपको लगता है कि कहीं आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो आप इसमें अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया के द्वारा परिसर में काफी अनैतिक गतिविधियां पाये जाने के सवाल पर कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के समय इलेक्शन के डायरेक्शन बहुत क्लीयर है। कोई भी नामांकन भरने आ रहा है तो एक नार्मल प्रोफेसर है उसके तहत वो चालू रहेंगे। आचार संहिता अभी लागू है किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजन इत्यादि चूंकि अभी नवरात्र चल रहा है इस बीच कोई आयोजन करना चाह रहा है तो कृपया अनुमति लेकर करें। अनुमति देने के लिये एसडीएम पूर्णतः अधिकृत हैं अनुमति देने के लिये। इसलिये जिलेवासियों से मेरा अनुरोध है कि कृपया कोई भी कार्यक्रम करने से पहले अनुमति जरूर है और उसके दिये गए निर्देशों का पालन अवश्यक करें। ताकि आचार संहिता के दौरान भी हमारे सामाजिक कार्यक्रम भी चलता रहे। कुछ गांव के ग्रामीणों के द्वारा चुनाव बहिष्कार किये जाने के संबंध में पूछे गए सवाल पर कलेक्टर कार्तिकेय गोयल रायगढ़ ने कहा कि इस कोई सूचना उन तक अभी तक नही है आई है और अगर कहीं से सूचना मिलती है तो हम उन्हें अपने मताधिकार के उपयोग के प्रोत्साहित कराया जाएगा। हमारे पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई लड़-लडकर हमे आजादी दिलाई है। मुश्किल से मिले इस अधिकार का इस तरह त्याग न करें, आपकी सभी समस्याओं के निराकरण के लिये जिला प्रशासन लगा हुआ है।

# तहसील कार्यालय बतौली में शांति समिति की बैठक संपन्न

**अम्बिकापुर** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सीतापुर ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से दशहरा त्यौहार को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को तहसील कार्यालय बतौली में शांति समिति बतौली, सेदम, बोदा व बटईकेला की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया कि नवदुर्गा समिति के मध्य डीजे बजाये जाने पर प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही विसर्जन के समय भी पारंपरिक वाद्य यंत्र का उपयोग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया और दुर्गा पण्डालों में राजनीतिक गतिविधियों, पोस्टर, बैनर आदि पर बैन रहेगा। शांति समिति को वालियन्टर रखने हेतु निर्देशित किया गया। मेला स्थल पर पेयजल एवं अग्निशामक, रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं नगर पंचायत से शौचालय की व्यवस्था किये जाने पर चर्चा की गई। सभी दुर्गा समितियों के द्वारा शांति बनाये रखने हेतु सहमति दी गई। बैठक में तहसीलदार बतौली, नायब तहसीलदार बतौली एवं राजस्व निरीक्षक और समितियों के पदाधिकारी, सेदम, बोदा व बटईकेला के नवदुर्गा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# डेंगू के 15 मरीज मिल रहे रोजाना

### पांच की अकाल मौत पर प्रशासन व स्वा. विभाग मौन

**रायगढ़** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में डेंगू ने इस साल पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं। जानकर हैरानी होगी कि डेंगू पीड़ितों की संख्या के मामले में रायगढ़ जिला पूरे प्रदेश में टॉप पर है। दो महीनों के भीतर जिले में डेंगू प्रभावित मरीजों की संख्या 1140 पार कर चुकी है। जिले में औसतन हर दिन डेंगू के 15 केस सामने आ रहे हैं। एक जानकारी के अनुसार अब तक डेंगू से प्रभावित पांच लोगों की मौत होनें की जानकारी सामने आ रही है। मगर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इसे मानने को तैयार नही हैं और इन मौतों पर उनका अलग ही तर्क है। हालांकि ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इधर अव्यवस्था और लापरवाही को लेकर विपक्ष राज्य सरकार स्वास्थ्य विभाग को दोषी ठहरा रहा है।

दरअसल रायगढ़ जिला पिछले तीन चार सालों से लगातार डेंगू की चपेट में आता रहा है। लेकिन इस बार डेंगू ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। जिले में डेंगू प्रभावितों की संख्या 1140 पार हो चुकी है। डेंगू के केसे उन्हीं इलाकों से आ रहे हैं जहां बीते सालों में डेंगू का प्रकोप फैलता जा रहा है। पिछले दस दिन से शहर में औसतन 15 केस डेंगू पॉजिटिव आ रहे हैं। इतना ही नहीं शहर के बापू नगर, पुरानी बस्ती, मधुबनपारा, बैकुंठपुर, राजीवनगर, कोतरारोड, संजय मार्केट, इंदिरा नगर जैसे दर्जन भर वार्ड इस साल डेंगू के हॉट स्पॉट बने हुए हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने इन इलाकों में अलर्ट जारी किया है।

# ओडिसा सीमा पर तीन व्यापारियों से पुलिस ने किया 15 लाख जब्त

### चुनावी फंडिंग में लगा पुलिस का फटका



**रायगढ़** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायगढ़ शहर की जूटमिल पुलिस ने सोमवार की शाम रायगढ़-ओडिसा सीमा के पास कार में लाखों रूपये की नगदी ले जाते तीन व्यापारियों को पकड़ा है। पुलिस ने अलग अलग कार से पंद्रह लाख रुपए जप्त किया है।

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमें पेट्रोलिंग के माध्यम से विभिन्न चैक चैराहा में वाहनों एवं व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल में लगी हुई है। इसी क्रम में आज थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत एफएसटी टीम एवं जूटमिल पुलिस की संयुक्त कार्यवाही दौरान छातामुड़ा चैक के पास वाहनों की चेकिंग दौरान ब्रेजा वाहन क्रमांक सीजी 13 ए0एम0 9487 को चेक किया गया कर में सवार नीरज अग्रवाल पिता कृष्ण अग्रवाल 44 साल निवासी सत्तीगुड़ी चैक रायगढ़ के पास रखे बैक को चेक करने पर बैग में 2 लाख 64 हजार 500 रूपये बरामद हुआ। इसी प्रकार सेंट्रो कार क्रमांक सीजी 04 एम0 टी0 8453 को चेक करने पर कार में सवार बबलू मलिक पिता हबीब मलिक निवासी गौशाला पैजमुडा जिला संबलपुर के पास बैग में 4,00,000 रुपए नगद बरामद हुआ। इसी क्रम में एक और टाटा हैरियर कार सीजी 13 ए0आर0 1594 को चेक करने पर कर में सवार रमेश अग्रवाल पिता वासुदेव अग्रवाल निवासी कोड़ातराई के पास बैग में 9 लाख नगद बरामद हुआ पूछताछ में कैश के संबंध में संबंधित व्यक्तियों के द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए और ना ही कोई वैध कागजात प्रस्तुत किया गया।

विदित हो कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार 50,000 रूपये से अधिक संपत्ति के परिवहन करते समय उचित कागजात प्रस्तुत करना होगा। पुलिस द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन के दृष्टिगत कुल नकद 15,64,500 रूपयों की विधिवत जप्ती कार्यवाही कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना जूटमिल में सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, एसडीएम गगन शर्मा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक राम किंकर यादव द्वारा कार्रवाई की जानकारी मीडिया के साथ साझा किया गया।

# भाजपा की साजिश से वंचित लोगों को नहीं मिल रहा उनका अधिकार- अशोक



**एम सी बी** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस कमेटी के एमसीबी जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के जन कल्याणकारी कार्यों की चर्चा पूरे देश में है । पार्टी ने चुनावी घोषणा पत्र में जनता से जितने वादे किए थे , उन सभी वायदों को हमने बखूबी पूरा किया है । कांग्रेस सरकार के कार्यों से जनता के जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन हुआ है । भूपेश सरकार ने किसानों , मजदूरों , माध्यमवर्ग , महिलाओं , युवाओं , पिछड़ों , दलित - आदिवासी समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है । हमारे नीतियों व निर्णयों से जनता में आर्थिक , सामाजिक , सांस्कृतिक संपन्नता बढ़ी है और इसलिए आम लोगों का कांग्रेस की सरकार पर भरोसा बढ़ा है तभी तो केंद्र सरकार से छत्तीसगढ़ की सरकार को 65 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए है । इसी जन भरोसा के बल पर हम फिर कामयाब होंगे और अबकी बार 75 पार सीट जीत कर छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। वहीं भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि 15 साल के रमन- राज में घोटालों की भरमार थी । आये दिन 36000 का नान घोटाला , पनामा पेपर घोटाला , चिट - फण्ड घोटाला , शौचालय घोटाला , रतनजोत घोटाला , इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाला , पूरी सरकार में घोटालों के समाचारों से जनता रूबरू होती थी । बीजेपी सरकार ने प्रदेश के विकास में लगातार व्यवधान डालने का काम किया । ना नीति , ना नेता , ना संगठन सिर्फ सीबीआई व ई डी के दम पर चुनाव लड़ने के फिराक में है । बीजेपी से छत्तीसगढ़ की जनता तीन सवाल पूछ रही है. पहला यह कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में केंद्र सरकार व्यवधान क्यों उत्पन्न कर रही है ? केंद्र सरकार द्वारा लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की सहमति फिर लिमिट घटाकर 61 लाख मीट्रिक कर दी गयी । दूसरा सवाल कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए काम किया है , छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने शोषित और वंचित वर्ग को उनका अधिकार देने के लिए एस टी के लिए 32 % एस सी के लिए 13 % ओबीसी के लिए 27 % और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लिए 4 % आरक्षण की व्यवस्था करके आरक्षण संशोधन विधेयक विधानसभा से पारित करवा के राजभवन को भेजा है । लेकिन भाजपा की साजिश और षड्यंत्रों के कारण 10 महीनों से राजभवन में लंबित है । राज्यपाल , आरक्षण संशोधन बिल पर हस्ताक्षर क्यों नहीं ? किसके आदेश के इंतज़ार में है महामहिम ? वहीं तीसरे सवाल में कांग्रेस नेता ने पूछा है कि नगरनार स्टील संयंत्र जिससे बस्तर की जनता की सीधी भावनाएं जुड़ी हुई , को बेचने की साज़िश क्यों और इस मुद्दे पर पीएम क्यों लगातार झूठ बोल रहें है ?

# उन्नयन के सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करें-कलेक्टर

## नवपदस्थ कलेक्टर अवनीश शरण ने एयरपोर्ट उन्नयन कार्य का लिया जायजा

### बिलासा देवी एयरपोर्ट का 3 सीवीएफआर से 3 सीआईएफआर कैटेगरी में हो रहा उन्नयन



**बिलासपुर**,17 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में चल रहे उन्नयन कार्य को देखने आज जिले के नवपदस्थ कलेक्टर अवनीश शरण उन्नयन कार्य के नोडल आफिसर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत के साथ एयरपोर्ट पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने एयरपोर्ट डायरेक्टर और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से एयरपोर्ट अब तक हुए कार्य और निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री शरण ने एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग का किए गए उन्नयन कार्य का अवलोकन किया। जिसके बाद स्ट्रीप कटिंग के दोनों तरफ समतलीकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा रनवे के पास निर्माणाधीन आइसोलेशन बेय को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए है। ज्ञात है की चकरभाटा स्थित बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट का 3 सीवीएफआर से 3 सीआईएफआर कैटेगरी में उन्नयन किया जा रहा है जिसके बाद एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग की सुविधा शुरू हो सकेगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अवनीश शरण ने यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार करने कार्य योजना तैयार करने के निर्देश एयरपोर्ट डायरेक्टर को दिए। उन्होंने कहा 3 सीआईएफआर कैटेगरी हो जाने के बाद नाइट लैंडिंग की सुविधा शुरू हो जाएगी इसके साथ ही यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाना है ताकि बिलासपुर एयरपोर्ट में आवागमन बढ़ाने और सर्वसुविधायुक्त बनाया जा सकें। एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग के लिए सीसीआर रूम का निर्माण किया जा चुका है जहां इलेक्ट्रॉनिक पैनल स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा बाउंड्रीवाल निर्माण का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया और पीडब्लूडी के अधिकारियों को सिविल के सभी शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल,एयरपोर्ट डायरेक्टर बीरेन सिंह,पीडब्ल्यूडी एसडीओ आदित्य ग्रोवर,कार्यपालन अभियंता श्री चौरसिया समेत पीडब्ल्यूडी एवं एयरपोर्ट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

# पुलिस की वाहन जांच में सात लाख नकद व 5 लाख का चांदी बरामद

## सरकंडा व सिरगिट्टी पुलिस की कार्रवाई






**बिलासपुर** , 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह( भापुसे) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेंद्र जायसवाल,नगर पुलिस अधीक्षक( सिटी कोतवाली) श्रीमती पूजा कुमार के मार्गदर्शन में थाना सरकंडा क्षेत्र के टेली फोन एक्सचेंज रोड,राज किशोर नगर मे आकस्मिक चेकिंग पॉइंट लगाया गया था ।

थाना प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान एक निजी वाहन से 05 लाख रुपये के चांदी के पायल तथा अन्य जेवरात मिला है जिसके संबंध में मौके पर कोई भी वैध दस्तावेज पेश न करने पर सभी चाँदी के जेवरात जिनकी कुल कीमत करीबन 05 लाख है को विधिवत जप्त किया गया है थाना सरकंडा क्षेत्र में चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगी। थाना सिरगिट्टी क्षेत्र के तिफरा, काली मंदिर के पास आकस्मिक चेकिंग पॉइंट लगाया गया था, थाना प्रभारी नवीन देवांगन के नेतृत्व में तिफरा, काली मंदिर के पास चेकिंग के दौरान एक निजी वाहन से 07 लाख रुपये नगद मिला है रकम के संबंध में मौके पर कोई भी वैध दस्तावेज पेश न करने पर 07 लाख रुपये को विधिवत जप्त किया गया है थाना सिरगिट्टी क्षेत्र में चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगी।

## सार-संक्षेप

### संरक्षा के सजग प्रहरियों को जीएम ने किया सम्मानित




**बिलासपुर** , 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है । सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह की शुरुआत में आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है । इसी कड़ी में आज बिलासपुर, नागपुर एवं रायपुर मंडल में कार्यरत संरक्षा कोटि के 03 रेल कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक आलोक कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। बिलासपुर रेल मंडल के दीपेन्द्र बरेठ, गेटकीपर में कार्यरत थे । शक्ति-बाराद्वार रेल खंड के मध्य स्थित समपार फाटक में एक ओवर लोडेड ट्रक जिसमे तार लोड था जो ठीक तरीके से बंधा हुआ नहीं था, पार होने के लिए आया था जिसे ऑन ड्यूटि गेटकीपर दीपेन्द्र बरेठ ने रोक कर इस की जानकारी ऑन ड्यूटि स्टेशन मास्टर को सूचना दी गयी । तत्पश्चात रेलवे सुरक्षा बल ने ओवर लोडेड ट्रक को बाहर किया । यह ट्रक आगे जाने से समपार फाटक पर तार के ह॥श्व तार से टकराने पर दुर्घटना का कारण बन सकती थी । गेटकीपर ने अपनी सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हुए संरक्षा को सुनिश्चित किया । इसी प्रकार रायपुर रेल मंडल के रिजवान अहमद, ट्रेन मैनेजर (गुड्स) बिलासपुर से रायपुर की ओर जा रही एक माल गाड़ी में कार्यरत थे । निपनिया-भाटापारा के मध्य अप लाइन गुजरते समय श्री अहमद ने अचानक किलोमीटर 757/05 पर अप लाइन के नीचे एक बड़ा गड्ढा देखा । खतरे की संभावना को देखते हुए, उन्होने तुरंत इस गड्ढे के बारे में डिप्टी एस. एस./ निपनिया को सूचना दी और तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने के लिए क्ळ्ड्ढ को सूचना दी एवं उस लाइन पर ट्रेन परिचालन रोक कर सुधार कार्य किया गया, जिससे कोई बड़ी ट्रेन दुर्घटना होने से बच गई । रिजवान अहमद ने अपनी सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हुए संरक्षा को सुनिश्चित किया । इसी प्रकार नागपुर रेल मंडल के चिंतामणि दुर्गा, ट्रैकमेंटेनर ने दिनांक 14 अगस्त, 2023 को किलोमीटर 928/33 मे डोंगरगढ़-पनियाजोब सेक्शन के बीच ट्रैकमेंटेनर कार्य के दौरान रेल फ्रेक्चर को देखा उसने तत्काल झंडी एवं पटाखा की सहायता से रेल्वे ट्रैक को सुरक्षित किया और तत्पश्चात अपने सक्षम अधिकारी को इसकी सूचना दी । फिर फिश प्लेट को बांधा इसके पश्चात पहली गाड़ी को 10 किलोमिटर की गति से पास किया गया । इनके द्वारा समय पर सूचना देकर संरक्षा के मापदण्डों को सुनिश्चित किया गया । संरक्षा कोटि के कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने के अवसर पर प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार, अन्य विभागाध्यक्ष सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### शराब बेचते अधेड़ गिरफ्तार



**बिलासपुर** , 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मस्तूरी थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु टीम गठित कर टीम को रवाना किया गया था। जरिये मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम भोथीडीह लावर में कोंदा केवट अपने घर के सामने आंगन में अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के उद्देश्य से छिपा कर रखा है कि सूचना पर उसके घर जाकर रेड कार्यवाही किया गया। उसके घर के आंगन में एक 20 लीटर वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी हुई कच्ची महुआ शराब मिला जिसे निकाल कर देखने से उसमे 18 लीटर महुआ शराब मिला जिसे समक्ष गवाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

### सामाजिक बहिष्कार से परिवार हुआ त्रस्त

# पैतृक संपत्ति से गांव वालों ने किया बेदखल

#### न्याय की गुहार लेकर पहुंचे कलेक्टर के पास

**बिलासपुर**,17 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत वर्षो से काबिज परिवार के मकान को तोड़ कर जमीन से बेदखली का आदेश पारित कर दिया है। जिससे काबिज परिवार के ऊपर आर्थिक संकट के साथ कई विपदाये एक साथ आ खड़ी हो जा रही है। जिससे परेशान हो कर काबिज परिवार अब कलेक्टर का दरवाजा खटखटा कर न्याय की गुहार लगाई है।



मस्तूरी तहसील क्षेत्र के ग्राम सुलिनो निवासी गोविन्द पिता रामसेवक, देवकरण, पिता रामसेवक एवं जीवन पिता रामसेवक, देवनारायण पिता रामचरण, सभी निवासी ग्राम सुलीनों में स्थित खसरा नम्बर 1072/2 एवं 123/1 की भूमि स्थित है, उक्त भूमि पूर्व में हमारे पूर्वजों के नाम से अभिलिखित था, जिस पर वे लोग काबिज होकर आधिपत्य में चले आ रहे थे. जिसके कारण विगत 15-20 वर्षों से कुछ अंश पर मकान बनाकर एवं कुछ अंश पर खेत स्थित था, जिसमें उनके द्वारा कास्तकारी कर धान की फसल एवं सब्जी उगाया जाता था और निर्मित किये गये मकान पर अपने परिवार सहित निवास करते चले आ रहे है। दिनांक 07.06.2023 को उक्त भूमि पर लगे फसल एवं सब्जी को ग्राम पंचायत सुलीनी के पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों के द्वारा धान के फसल एवं सब्जी को जानवर से चराई कराकर नुकसान पहुंचाया गया है, जिससे वे फसल से वंचित होकर आर्थिक क्षतियों का सामना करना पड़ जायेगा ।उन्होंने बताया कि दिनांक 27.09.2023 को ग्राम पंचायत सुलीनी के द्वारा नोटिस हम लोगों को प्रदान किया गया है, जिसमें 07 दिवस के अंदर मकान तोड़ने की अवधि निर्धारित की गई है, मकान नहीं तोड़ने पर सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है. ग्राम पंचायत / ग्राम वासियों के द्वारा हम लगी से बातचीत, हुक्का-पानी बंद कर दिया गया है, जिससे हम लोगों निवास करना दूभर हो गया है, एवं मकान तोड़ दिए जाने से हम लोग अपने घर से बेगर हो जायेंगे और हमारे एवं परिवार के सामने आवास हेतु गम्भीर समस्या उत्पन्न हो जायेगा, तथा छोटे-छोटे बच्चे जो वर्तमान में स्कूल में शिक्षारत है, उक्त ग्राम के स्कूल के शिक्षा से वंचित हो जायेंगे, हमारे बच्चों से ग्रामवासियों के बच्चों के द्वारा कोई बातचीत नहीं किया जा रहा है, जिससे बच्चों की मनोस्थिति पर विपरीत प्रभाव पड रहा है ।ग्राम पंचायत सुलौनी के द्वारा दिनांक 17.09. 2023 के सूचना पत्र का हम लोगों के द्वारा दिनांक 01.10-2023 को कण्डिकावार जवाब प्रस्तुत किया गया है, लेकिन ग्राम पंचायत सुलीनी उप सरपंच के द्वारा जवाब के कण्डिका के अभिवचन को अमान्य कर दिया गया है और पुन: दिनांक 05.10.20023 को नोटिस प्रेषित किया गया है, जिसमें ग्राम पंचायत सुलानी के द्वारा मकान तोड़ने एवं अन्य कार्यवाही करने हेतु सूचना दी गई है, जबकि शासन के द्वारा ग्राम वासियों को निवास हेतु आवास प्रदान किया जा रहा है, और ग्राम पंचायत सुलीनी के द्वारा हम लोगों को घर से बेघर किया जा रहा है।

# शराब के जखीरा के साथ 3 गिरफ्तार

**बिलासपुर**,17 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भा.पु.से.) के द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं जिले को नशामुक्त करने हेतु ''निजात अभियान चलाया जा रहा है एवं आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अवैध नशे के खिलाफ सक्त् कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं, जिसके परिपालन में अति0पुलिस अधीक्षक शहर बिलासपुर राजेन्द्र जायसवाल एवं सी.एस.पी. (सिविल लाईल) संदीप पटेल के निर्देशन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में सकरी पुलिस के द्वारा नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है ।कि अभियान के दौरान मुखबिर सूचना पर सकरी पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोड़ापुरी एवं बटालियन के सामने मेन रोड सकरी से आरोपियों के कब्जे से अवैध रूप से शराब रखे पाये जाने पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया ।सुभाष जायसवाल के कब्जे से - - 01. दो नग पीले रंग की जरीकेन में भरा हुआ महुआ शराब कुल मात्रा 08.500 लीटर कीमती 1700/- रूपये ।02. महुआ शराब निर्माण में प्रयुक्त गैस सिलेंडर दो नग, लोहे का चूल्हा जो दो चुल्हा युक्त है, पीतल की गुंडी 01 नग, सिल्वर की डेक्ची 03 नग, मिट्टी की हंडी रबर का पाईप लगा हुआ कुल 01 नग, प्लास्टिक का ड्रम कुल 03 नग, जुमली कीमती 15,000 हजार रूपये ।ब्रिजेश जायसवाल के कब्जे से - 01. दो नग पीले रंग की जरीकेन में भरा हुआ महुआ शराब



कुल मात्रा 09.00 लीटर कीमती 1800/- रूपये। 02. महुआ शराब निर्माण में प्रयुक्त गैस सिलेंडर एक नग, लोहे का चूल्हा एक नग, सिल्वर की डेक्ची चार नग, मिट्टी की हंडी रबर का पाईप लगा हुआ कुल दो नग, प्लास्टिक का ड्रम कुल तीन नग, जुमला कीमती 10,000 हजार रूपये ।तरूण दुबे के कब्जे से -1. एक स्लेटी रंग के पिट्ठू बैग जिसमें स्काई बैग लिखा है के अंदर 30 नाग 180 स्रूके सील बंद सीसी में प्रत्येक में 180 स्रूभरा देशी प्लेन शराब कुल 5.400 लीटर कीमती 2400 रुपए बरामद किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि उमेश उपाध्याय, जीवन साहू, प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत कश्यप, आरक्षक कलेश्वर यादव, संजय बंजारे, विनोद दास मानिकपुरी, मालिक राम साहू एवं समस्त थाना स्टाफ की भूमिका रही।

# धान की फसलों को शीथ ब्लाइट रोग से बचाने किसानों को दी गई सलाह



**बिलासपुर**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु) ।जिले में धान की फसलों में हो रहे शीथ ब्लाइट रोग के प्रकोप को देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ अरूण त्रिपाठी ने इसके लक्षण एवं रोकथाम के लिए आवश्यक जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फसलों में इस रोग के प्रारंभिक अवस्था के दौरान धान के पौधों के तनों पर लिपटे पत्तों के भाग पर अनियमित आकार के मटमैले सफेद रंग के धब्बे दिखाई देते है, जिसका किनारा गहरा और बैगनी रंग का हो जाता है। अत्यधिक प्रकोप की अवस्था में सबसे ऊपर की पत्ती तक पहुंच जाता है एवं धब्बों का रंग पुआल जैसा हो जाता है। इस रोग का लक्षण कंसे निकलने की अवस्था से दाने आने की अवस्था तक दिखाई देते हैं। रोग ग्रसित पौधों की बालियों में दाने पूरी तरह नहीं भरते है। इस रोग के कारण अनाज की उपज व गुणवत्ता में अत्यधिक नुकसान होने की संभावना रहती है। उन्होंने किसानों से शीथ ब्लाइट रोग के प्रारंभिक लक्षण दिखते ही हेक्जाकोनाजोल 400 मिलीलीटर प्रति एकड़ अथवा थाईफ्लूजामाइड 150 मिलीलीटर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने की अपील की है। साथ ही मौसम साफ होने पर ही दवाओं का छिड़काव करें।

# रेलकर्मियों को दिया गया अग्निशमन यंत्र के प्रयोग का प्रशिक्षण



**बिलासपुर** ,17 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियो को संरक्षित व सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर कार्य किया जा रहा है । साथ ही किसी भी आपातकालीन स्थिति में आग की रोकथाम के लिए स्टेशनों और गाड़ियों के कोचों में अग्निशमन यंत्र भी उपलब्ध कराए गए है । साथ ही गाड़ियों व विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत रेलकर्मियों को अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने में दक्ष करने हेतु नियमित रूप से प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिससे कि वे कार्यालयों एवं गाड़ियों में उपलब्ध अग्निशमन यंत्र का प्रयोग कर अग्नि दुर्घटना का बचाव प्रभावी रूप से कर सकें।

इसी कड़ी में मंडल संरक्षा विभाग के नागरिक सुरक्षा निरीक्षक द्वारा आज मंडल सामग्री डिपो (छ्रस्ष्ठ) बिलासपुर में जाकर विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया गया 7 प्रशिक्षण के दौरान नागरिक सुरक्षा निरीक्षक के द्वारा कर्मचारियों का क्लास लेकर सुरक्षा मानकों और अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने की जानकारी दी गई । साथ ही सभी को आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया।

इसके पश्चात बारीङ्कबारी से प्रत्येक कर्मचारियों से अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने का अभ्यास कराया गया । उन्हे यह भी बताया गया कि यदि आप आग को नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं तब पास के अग्निशमन केन्द्रों को संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नं. 112 को मुंह जुबानी याद रखने की सलाह दी गई।

# रतनपुर महामाया मंदिर में श्रध्दालुओं की उमड़ रही भीड़

**बिलासपुर** , 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के रतनपुर में विराजी मां महामाया का दरबार नवरात्रि पूजा के लिए तैयार हो गया है। मंदिर को जगमगाती लाइट से रौशन कर दिया गया है और माँ का दरबार भक्तों के लिए सुबह से खुल दिया गया है। इस बार शारदीय नवरात्र के मौके पर रतनपुर महामाया मंदिर में 29 हजार ज्योति कलश जगमगा रहा है। नवरात्रि के पहले ही दिन से महामाया मंदिर में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया है। महामाया देवी के दर्शन के लिए प्रदेश के अन्य जगहों से भक्त देवी उपासना करने रतनपुर पहुचते है। नवरात्रि के नौ दिनों में लाखो श्रद्धालु देवी दर्शन कर लेते है। रतनपुर महामाया मंदिर समिति ने आने वाले भक्तों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के साथ ही देवी दर्शन के लिए पूरी व्यवस्था कर ली गई है।



देवी शक्ति का पर्व नवरात्रि रविवार से शुरू हो गया है। देवी मां के आगमन को लेकर जोर- शोर से तैयारियां पूरी कर ली गई है। शारदीय नवरात्र के नौ दिनों तक माता की भक्ति में भक्त डूबे रहेंगे। फल, फूल, पूजा सामग्री, चुनरी, भोग-प्रसाद और मंदिरों के रंग-रोगन का काम पूरा कर लिया गया है। पहले दिन मनोकामना ज्योत कलश भी प्रज्जवलित किये है। बिलासपुर जिले से 30 किलोमीटर दूर रतनपुर स्थित आदिशक्ति मां महामाया मंदिर में इस बार भक्तों के 29 हजार ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए है। घरों और मंदिरों में ज्वारा भी बोए जाएंगे. देवी आस्था का पर्व नवरात्र को लेकर हिंदू परिवारों में इस साल जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। रतनपुर महामाया देवी के दरबार की साज-सजावट का काम पूरा करने के साथ ही रंगाई-पुताई कर ली गई है। छत्तीसगढ़ के रतनपुर (रत्नपुर) में विराजी माँ महामाया की महिमा बड़ी निराली है. महाकाली, महालक्ष्मी के साथ ही महासरस्वती सहित तीन रूपो में यहां पर महामाया देवी अपने भक्तों को दर्शन देती है. दुर्गा सप्तशती के साथ ही देवी पुराण में महामाया के बारे में जो कुछ लिखा है, ठीक उसी रूपो के दर्शन रतनपुर में विराजी महामाया के रूप में किया जाता है. महामाया मंदिर में शक्ति के तीन रूप दिखाई देते है. तीनो रूपो में समाहित माँ के स्वरूप को महामाया देवी की संज्ञा दी गयी है. आदिशक्ति महामाया देवी का मंदिर रतनपुर के हरी भरी वादियों के बीच रतनपुर धर्मनगरी है. रतनपुर को देवी और आस्था की नगरी के रूप में भी जाना अंचल में जाता है. यहा विराजी माँ महामाया देवी. पहाड़, पर्वत श्रृंखला में भक्ति और आस्था के समंदर में सिद्ध शक्तिपीठ विराजमान है. देवी आस्था का केंद्र रतनपुर मां महामाया मंदिर में तीनो देवियों की पूजा होती है. यह दुनिया एक मात्र एक ऐसा मंदिर है जहाँ गर्भ गृह के नीचे महामाया यानी धन की देवी लक्ष्मी विराजमान है. वही उनके दाहिने तरफ ऊपर की ओर ज्ञान की देवी माँ सरस्वती विराजमान है। रतनपुर महामाया मंदिर के प्रबंधक अरुण शर्मा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जा रहा है. मंदिर ट्रस्ट इस बार अपने ट्रस्ट से जुड़े अन्य मंदिरों में देवी पूजा की तैयारी के साथ साज सज्जा किए है. ट्रस्ट चंडी यज्ञ और जस गीत का आयोजन कर रहा है, साथ ही हजारों लोगों के लिए भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्त देवी का प्रसाद ग्रहण करेंगे. मंदिर ट्रस्ट के साथ ही निर्वाचन आयोग के नियम और गाइडलाइन के अनुसार भक्तों को सुविधा मुहैया कराई जा रही है और धार्मिक आयोजन किये जा रहे है।

NECC

| 18.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 500 | 70 | 160 |
| चिल्हर | 6.00 | 85 | 185 |

डिलीवरी 515 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188